संपादकीय

आफत की बारिश

मानसून की विदाई का समय पूरा होने के बावजूद हो रही मूसलाधार बारिश से देश के विभिन्न भागों में बड़ी संख्या में लोगों की मौत और जन-जीवन अस्त-व्यस्त होने की खबरें हैं। अकेले उत्तर प्रदेश व बिहार में पचास से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। सबसे ज्यादा खराब स्थिति तो बिहार की राजधानी पटना की हुई, जहां पूरा शहर एक जलाशय में तब्दील हो गया, सड़कों पर नाव चलने लगी। देर से आये मानसून और उत्तर भारत में औसतन कम बारिश के बावजूद सितंबर में रिकॉर्ड तोड़ बारिश हुई। जहां राज्य सरकारें सूखे से जूझने की तैयारी में थीं, वहां बाढ़ जैसे हालात से निपटने की तैयारी करनी पड़ी। एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की मदद से बात न बनी तो वायुसेना से राहत बचाव के लिए हेलीकॉप्टर मांगे गये। मुख्यमंत्री का बयान आया कि कुदरत के सामने किसी की नहीं चलती। उनके बयान को लेकर आलोचना भी हुई कि पानी की निकासी की व्यवस्था करना तो सरकार के हाथ में है। बहरहाल, रविवार को मौसम विभाग ने बारिश को लेकर पूर्वी उ.प्र., पटना व पंद्रह अन्य जिलों में रेड अलर्ट जारी किया है। यदि वाकई तेज बारिश होती है तो राज्य में वर्षा का सौ साल का रिकॉर्ड टूटेगा। हालांकि, मौसम विभाग के अनुसार एक जून से लेकर 29 सितंबर तक बिहार में दो फीसदी बारिश कम हुई है। वैसे पूरे देश में पिछले दस साल में पहली बार सौ फीसदी से ज्यादा बारिश हुई है। जहां मौसम विभाग पहले सामान्य से कम बारिश होने की भविष्यवाणी कर रहा था, अब बारिश का प्रतिशत 107 हो गया है। अभी एकदम मानसून के लौटने के आसार नहीं हैं। ऐसे में 110 प्रतिशत बारिश होने के कयास लगाये जा रहे हैं, जो खरीफ व रबी की फसल के लिये अच्छे संकेत बताये जा रहे हैं। यद्यपि एक तथ्य यह भी है कि उत्तर भारत के मुकाबले दक्षिण भारत में औसतन ज्यादा बारिश हुई है। वैसे चिंता की बात यह है कि ग्लोबल वार्मिंग के चलते बारिश के पैटर्न में बदलाव आया है। पहले जहां धीमी गति से रिमझिम बारिश होती थी तो धरती पानी सोख लेती थी। साथ ही जल-भराव के विकल्प मौजूद थे। अब जल ग्रहण के अधिकांश परंपरागत स्रोत अवैध कब्जे के शिकार हो गये हैं, अतः बारिश का पानी जलजमाव व बाढ़ के रूप में सामने आता है। दूसरी स्थानीय निकायों की अकर्मण्यता और सरकारों की लापरवाही से जल निकासी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं हो पाती। पटना का उदाहरण लें तो उसके आसपास की सभी नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही थीं, इससे अधिक बारिश होने पर शहर के पानी की निकासी नहीं हो पायी और उसका पानी सड़कों से होता हुआ घरों में घुस गया, जिससे शहर एक झील में तब्दील हो गया। प्लास्टिक के कचरे ने जल निकासी की समस्या को और जटिल बना दिया है। ऐसे में जब मौसम विज्ञानी छह अक्तूबर तक मानसून की विदाई की बात कर रहे हैं तो जनता को कुछ दिन और समस्याओं से दो-चार होना पड़ेगा।

आज आरबीआई ब्याज दरों कर सकता है कटौती की घोषणा

नईदिल्ली (आरएनएस)। आज आरबीआई अपनी समीक्षा बैठक में ब्याज दरों में कटौती की घोषणा कर सकता है। साल 2019 में अब तक चार बार आरबीआई दरें कम कर चुका है। बैंकों को मिलने वाले कर्ज की दर कम होने से आम उपभोक्ताओं को बैंकों से मिलने वाले कर्ज की ब्याज दरों में कटौती करने की बैंकों के पास पूरी गुंजाइश रहती है। आम लोगों को सस्ती दरों पर लोन मिलने हर क्षेत्र में मांग निकलती है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में आर्थिक वृद्धि की रफ्तार के घटकर छह साल के निचले स्तर पर आने के बाद सरकार ने कई बड़े कदम उठाए है। केंद्र सरकार ने कॉरपोरेट टैक्स में भारी कटौती, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों पर सरचार्ज में कमी जैसे फैसले शामिल हैं। आरबीआई की छह सदस्यीय एमपीसी वित्त वर्ष 2019-20 की चौथी द्विमासिक मौद्रिक नीति की

घोषणा तीन दिन की बैठक के बाद चार अक्टूबर को घोषित करेगी। दो अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर समिति की बैठक नहीं होगी।

गवर्नर पहले ही यह संकेत दे चुके हैं कि मुद्रास्फीति में नरमी को देखते हुए मौद्रिक नीति में नरमी की गुंजाइश बनी हुई है वहीं राजकोषीय संभावना सीमित है। केंद्रीय बैंक पहले ही इस साल रेपो रेट में चार बार में कुल मिलाकर 1.10 प्रतिशत की कटौती कर चुका है। अगस्त में हुई पिछली बैठक में एमपीसी में 0.35 प्रतिशत की कटौती की थी. उस कटौती के बाद रेपो दर 5.40 प्रतिशत पर आ गई।

आज से सस्ती मिलेगी सीएनजी

» स्मार्ट कार्ड पर कैशबैक भी

नईदिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली वासियों के उन लोगों के लिए अच्छी खबर है जो सीएनजी वाहनों का इस्तेमाल करते है। बहुत समय के बाद आखिरकार अब जाकर शहर में सीएनजी 1.90 रुपए सस्ती मिलेगी। इसके अलावा नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद में 2.15 रुपए सस्ती मिलेगी जबकि रेवाड़ी, गुरुग्राम और करनाल में पुरानी कीमत पर ही सीएनजी मिलेगी। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड ने बुधवार शाम इसकी घोषणा की।

नई कीमत आज सुबह से लागू हो चुकी है। साथ ही आईजीएल स्मार्ट कार्ड से सीएनजी लेने वालों को 50 पैसा कैश बैक भी मिलेगा। दिल्ली में अब सीएनजी 45.20 रुपये प्रति किलोग्राम मिलेगी। वहीं नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में 51.35 रुपये प्रति किलो। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड ने कहा कि दिल्ली, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में चुनिंदा आउटलेट पर रात 12 बजे से सुबह 6 बजे तक सीएनजी की कीमत में 1.50 रुपये की जगह अब प्रति किलोग्राम एक रुपया ही छूट देगी।

डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देने के लिए अगर आईजीएल के स्मार्ट कार्ड से सीएजी ले रहे है तो प्रति किलोग्राम 50 पैसा कैश बैक हो जाएगा। हालांकि इस कैश बैक के लिए सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे और देर रात 12 बजे से सुबह 6 बजे तक ही पंप से सीएनजी लेने पर मिलेगा।

मारुति ने नेक्सा पर बेचे 10 लाख वाहन

नईदिल्ली (आरएनएस)। देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के नेक्सा सीरीज के प्रीमियम शोरूम पर चार साल में 10 लाख वाहनों की बिक्री का आँकड़ा पार कर लिया है।

ग्राहकों को उसके शोरूम पर अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुभव प्रदान करने के लिए वर्ष 2015 में नेक्सा सीरीज का पहला शोरूम खोला गया था। देश के 200 से ज्यादा शहरों में 350 से ज्यादा नेक्सा शोरूम हैं।

मारुति सुजुकी के कार्यकारी निदेशक (विपणन एवं बिक्री) शशांक श्रीवास्तव ने नेक्सा पर 10 लाख वाहनों की बिक्री का आँकड़ा छूने के मौके पर प्रसन्नता व्यक्त की और ग्राहकों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इन प्रीमियम शोरूम में कंपनी ने कार की खरीद को आसान एवं चिंतामुक्त बनाने पर फोकस किया है।

वित्तीय क्षेत्र के संकट, व्यापार युद्ध की चिंता के बीच सेंसेक्स 199 अंक टूटा

मुंबई (आरएनएस)। बंबई शेयर बाजार सेंसेक्स में बृहस्पतिवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट का सिलसिला जारी रहा। वित्तीय क्षेत्र के संकट और व्यापार युद्ध को लेकर चिंता के बीच सेंसेक्स में 199 अंक की और गिरावट दर्ज हुई। बंबई शेयर बाजार का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स नकारात्मक रुख के साथ खुला। कारोबार के दौरान यह 38,310.93 अंक से 37,957.56 अंक के दायरे में रहा। अंत में सेंसेक्स 198.54 अंक या 0.52 प्रतिशत के नुकसान से 38,106.87 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 46.80 अंक या 0.41 प्रतिशत के नुकसान से 11,313.10 अंक पर आ गया। मुख्य रूप से धातु और बैंक शेयरों में नुकसान की वजह से बाजार में गिरावट रही। अमेरिका ने यूरोपीय सामान पर नया शुल्क लगाने की घोषणा की है। इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था को लेकर

चिंता बढ़ गई है। अमेरिका की इस घोषणा के बाद वैश्विक बाजार दबाव में रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में वेदांता में सबसे अधिक 4.66 प्रतिशत का नुकसान रहा। टाटा स्टील, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी बैंक, कोटक बैंक, एक्सिस बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारती एयरटेल के शेयर 3.36 प्रतिशत तक टूट गए। वहीं दूसरी ओर येस बैंक का शेयर 33 प्रतिशत चढ़ गया।

आज का राशिफल

मेषः- आज का दिन मिश्रित फलकारक है। बड़े अधिकारी से अनबन नुकसान दायक रहेगी। क्रोध पर नियंत्रण बनाए रखें। नए संबंध से भाग्य चमकेगा।

वृषभः- आप यदि व्यापारी हैं तो आज अनावश्यक अधिक परिश्रम करना पड़ सकता है। सरकारी नौकर हैं तो वरिष्ठ अधिकारी के गुस्से का शिकार होना पड़ सकता है।

मिथुनः- आज दिन के पूर्वार्ध में छुटपुट लाभ होने की संभावना है। नौकरी व्यवसाय से जुड़े कुछ मुद्दे हल हो सकते हैं।

कर्कः- आज आप अपने आप में ही मस्त रहेंगे। किसी भी विरोधी की आलोचना की ओर ध्यान न देकर अपना काम करते रहें।

सिंहः- आज शत्रुजनित षड्यंत्र, लोकापवाद से बचने का प्रयास करें। अनावश्यक दुःश्चिन्ताओं से मन परेशान हो सकता है। नई उपलब्धियां कड़ी मेहनत से मिलेगी।

कन्याः- आज कर्मोद्योग में तत्परता से लाभ होगा। स्वजनों से सुख, पारिवारिक मंगल कार्यों की खुशी होगी। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा। विपरीत परिस्थिति उत्पन्न होने पर क्रोध पर काबू रखें।

तुलाः- आज आपकी पद, अधिकार की महत्वाकांक्षा अंतर्विरोध को जन्म दे सकती है। समस्याओं के समयोचित समाधान न मिलने से मानसिक अशांति बनी रहने की आशंका है। दूर-समीप की यात्रा का प्रसंग प्रबल होकर स्थगित हो सकता है।

वृश्चिकः- आज का दिन कुछ विशेष कर दिखाने की उधेड़बुन में व्यतीत होगा। अधिकारी वर्ग से अच्छी साठ-गांठ बनेगी। किसी सरकारी संस्था से दूरगामी लाभ की पृष्ठभूमि भी आज ही बनेगी।

धनुः- किसी विशेष घटनाक्रम के अंतर्गत रूका धन आश्चर्यजनक रूप से प्राप्त होने से आज आपका विश्वास, धर्म एवं आध्यात्म में बढ़ेगा। रोजमर्रा के कामों में कोताही न बरतें, अतीत के संदर्भ में अनुसंधान का लाभ मिलेगा।

मकरः- आज कार्यक्षेत्र में अपने से वरिष्ठ अधिकारियों से अनबन हो सकती है। पराक्रम वृद्धि से शत्रुओं का मनोबल टूटेगा। दिन के उत्तरार्ध में अचानक अतिथियों के आगमन से व्यय भार बढ़ने की आशंका है।

कुंभः- आज गोचर के शुभ प्रभाव से सफलता मिलेगी। उत्तरदायित्व की वृद्धि अस्थिरता को जन्म देगी। वाहन, भूमि खरीदने, स्थान परिवर्तन का सुखद संयोग भी बन सकता है।

मीनः- आज का दिन संतान से जुड़ी समस्याओं को हल करने में व्यतीत होगा। किसी प्रतियोगिता में आपकी जीत हो सकती है। किसी खास उपलब्धि से भी आपका मन प्रसन्न रहेगा।

विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप : होलोवे ने 110 मीटर बाधा दौड़ में जीता स्वर्ण

दोहा। अमेरिका के ग्रांट होलोवे ने यहां जारी विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। मौजूदा विजेता ओमार मैक्लोड के फाइनल से बाहर होने के बाद होलोवे को यह सफलता मिली।

चैम्पियनशिप में बुधवार देर रात हुई इस रेस में मैक्लोड अपना संतुलन खोने के कारण हर्डल्स से टकरा गए। वह ट्रैक पर गिरे और स्पेन के ओरलांडो ओरटेगा का रास्ता रुक गया जो मैक्लोड के पीछे थे। मैक्लोड को बाहर कर दिया गया और 13.10 सेकेंड में रेस पूरी करने वाले होलोवे विजेता बने।

स्पर्धा का रजत पदक सर्जी शुबेनकोव के नाम रहा जिन्होंने 13.15 सेकेंड़ में यह समय

निकाला। फ्रांस के पास्कल मार्टिनोट लार्गाडे ने 13.18 सेकेंड के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।

येस बैंक का शेयर पांच दिन की गिरावट के बाद तेजी में लौटा

नईदिल्ली (आरएनएस)। येस बैंक के शेयर में लगातार पांच दिन की गिरावट के बाद बृहस्पतिवार में सुधार आया। कारोबार के दौरान बैंक का शेयर 29 प्रतिशत की अधिक तेजी में रहा।

बीएसई में बैंक का शेयर कारोबार के दौरान 29.30 प्रतिशत की मजबूती के साथ 41.40 रुपये पर चल रहा था। एनएसई में भी इसका शेयर 29 प्रतिशत मजबूत होकर 41.30 रुपये पर चल रहा था। येस बैंक ने बुधवार को निवेशकों को स्थिर वित्तीय स्थिति का आश्वासन दिया।

मंगलवार को बैंक का शेयर एक समय करीब 30 प्रतिशत गिर गया था। कारोबार समाप्त होने पर यह 22.8 प्रतिशत गिरकर 32 रुपये पर बंद हुआ था।

पाकिस्तान ने श्रीलंका को 5 विकेट से मात दे सीरीज जीती

कराची। पाकिस्तान ने यहां नेशनल स्टेडियम में खेले गए तीसरे और आखिरी वनडे मैच में श्रीलंका को पांच विकेट के मात देते हुए तीन मैचों की वनडे सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली है। श्रीलंका ने बुधवार देर रात खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवरों में नौ विकेट के नुकसान पर 297 रन बनाए। पाकिस्तान ने इस लक्ष्य को 48.2 ओवरों में हासिल कर लिया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान को बेहतरीन शुरुआत मिली। फखर जमन (76) आबिद अली (74) ने पहले विकेट के लिए 123 रनों की साझेदारी की। धनंजय डी सिल्वा ने अली को आउट कर श्रीलंका को पहली सफलता दिलाई। उन्होंने अपनी पारी में 67 गेंदों का सामना कर 10 चौके और एक छक्का मारा।

इसके बाद पाकिस्तान ने अपना दूसरा विकेट 181 के कुल स्कोर पर बाबर आजम (31) के रूप में खोया। 189 के कुल स्कोर पर जमन भी आउट हो गए। जमन ने 91 गेंदें खेलीं और सात चौके और एक छक्का लगाया।

सरफराज अहमद (23), हारिस सोहेल (56), इफ्तिखार अहमद (नाबाद 28) ने अंत में सूझबूझ भरी पारी खेल पाकिस्तान को जीत दिलाई।

इससे पहले, टॉस जीतकर

पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका के लिए सलामी बल्लेबाज दानुश्का गुणाथिलका ने 134 गेंदों पर 16 चौके और एक छक्के की मदद से 133 रनों की पारी खेली। दासुन शनका ने 43, लाहिरू थिरिमाने ने 36 रन बनाए।

रोहित-मंयक की रिकॉर्ड साझेदारी

विशाखापट्टनम। एसीए-वीसीए स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन गुरुवार को रोहित शर्मा और मयंक अग्रवाल की जोड़ी ने बेहतरीन साझेदारी कर एक रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। रोहित और मयंक की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए यहां 317 रन जोड़े जो भारत के लिए टेस्ट में पहले विकेट के लिए अभी तक की तीसरी सबसे बड़ी साझेदारी है।

इस जोड़ी ने शिखर धवन और मुरली विजय को इस मामले में पीछे छोड़ा। धवन-विजय ने 14 मार्च 2013 में मोहाली में पहले विकेट के लिए 289 रनों की साझेदारी की थी। भारत के लिए पहले विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी का रिकार्ड वीनू मांकड और पंकज रॉय के नाम है। इन दोनों ने चेन्नई में जनवरी 1956 में पहले विकेट के लिए 413 रन बनाए थे। दूसरे नंबर पर राहुल द्रविड़ और वीरेंद्र सहवाग की

जोड़ी है जिसने जनवरी 2006 में पाकिस्तान के खिलाफ लाहौर में 410 रन बनाए थे। टेस्ट में पहले विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी का रिकॉर्ड दक्षिण अफ्रीका के ग्रीम स्मिथ और नील मैक्केंजी के नाम है जिन्होंने फरवरी 2008 में बांग्लादेश के खिलाफ चटगांव में 415 रनों की साझेदारी की थी।

टिक्की चाट बनाने की विधि...

आवयश्क सामग्री

गाजर - 1 कद्दूकस , पनीर - 200 ग्राम कद्दूकस , ओट्स का आटा - 1 / 4 कप , हरी मिर्च - 2 बारीक कटी हुई , लाल मिर्च पाउडर - 1 छोटा चम्मच , हल्दी पाउडर - 1 / 4 छोटा चम्मच , चाट मसाला - 1 छोटा चम्मच , हरा धनिया - 1 / 4 कप बारीक कटा हुआ , नमक , तेल - सेकने के लिए ।

बनाने की विधि

एक बोल में गाजर , पानी , ओट्स का आटा , हरी मिर्च , हरा धनिया और सभी मसाले डालकर से मिलाएं । इसमें मनपसंद सब्जियां भी डाल सकते हैं , जैसे पत्तागोभी . शिमला मिर्च आदि । मिश्रण की टिक्की बनाएं । गर्म तवे पर धीमी आंच पर साथ परोसें । तेल लगाकर सेकें ।

तैयार वेज टिक्की को चटनी या चाय के साथ खाये...

शब्द सामर्थ्य- 05

बाएं से दाएं
1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

ऊपर से नीचे
1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबास, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थिति प्रसिद्ध जेल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 04 का हल

वा	स्ता			सि	स	की		
जि		ल	प	ट		मा	चि	स
ब	द	ला		क			ल	
		ट		नी	ल	क	म	ल
ता	ली		का		की			हू
क		स	रो	का	र			लु
झां		ज	बा	न		म	सी	हा
क	च	ना	र		भा	र्या		न
	र्म			ज	र	दा		

सू-दोकू- 05

	7				1		3	
1		9				5		
			3				1	
		5						3
3					2		5	
				3				2
	4						7	
7		8		1		6		
	6		7		9			1

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बना है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.04 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6